**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 215**

**03 दिसम्बर, 2019 को उत्तरार्थ**

**विषय: रासायनिक कीटनाशी**

***215. सुश्री नुसरत जहां रूहीः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या विगत कुछ वर्षों में देश में रासायनिक कीटनाशियों की खपत/प्रयोग बढ़ी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किसान जागरूकता की कमी के कारण निम्न गुणवत्ता के कीटनाशियों का प्रयोग कर रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेंद्र सिंह तोमर)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**रासायनिक कीटनाशी के संबंध में 03.12.2019 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 215 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लेखित विवरण**

**(क) एवं (ख):** राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारें कीटनाशी की खपत से संबंधित आंकड़ों की रिपोर्ट केन्द्र सरकार को भेजती हैं। प्रतिवेदित आंकड़ों के अनुसार कीटनाशी की खपत का रूझान वर्ष-दर-वर्ष और राज्य-दर-राज्य बदलता रहा है। कीटनाशी का उपयोग अनेक कारकों जैसे- कृषि के अधीन क्षेत्र, फसल का प्रकार, फसलन सघनता, कृषि जलवायु परिस्थितियां, मृदा स्थिति, खपतवार, कीट और रोग की स्थिति आदि पर निर्भर होता है। विगत पांच वर्षों के दौरान रासायनिक कीटनाशी (टैक्नीकल ग्रेड मीट्रिक टन में) की खपत का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर देखा जा सकता है।

यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि इसी अवधि के दौरान कई राज्यों में जैव-कीटनाशी का प्रयोग बढ़ रहा है। विगत पॉच वर्षों के दौरान जैव- कीटनाशी (टैक्नीकल ग्रेड मीट्रिक टन में) की खपत के राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** पर देखा जा सकता है।

**(ग) एवं (घ):** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ''वनस्पति संरक्षण और वनस्पति संगरोध उप-मिशन'' योजना कार्यान्वित कर रहा है जिसके अंतर्गत किसानों को रासायनिक कीटनाशी के विवेकपूर्ण प्रयोग के बारे में शिक्षित करने और लेबल और लीफलेट पर निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार इसके उपयोग का सुझाव देने के लिए एकीकृत कीट प्रबंधन दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा रहा है। एकीकृत कीट प्रबंधन द्वारा कीट नियंत्रण के कृषिगत, यांत्रिक, जैविक पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाता है और रासायनिक कीटनाशी का प्रयोग अंतिम उपाय के रूप में करने का सुझाव दिया जाता है। विगत पांच वर्षों (2014-15 से 2019-20) के दौरान एकीकृत कीट प्रबंधन के तहत 3730 किसान खेत पाठ्शालाओं और 732 मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और 1,41,180 किसानों, कीटनाशी व्यवसायियों और अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

**लो.स.ता.प्र.सं.215**

**<u>अनुबंध-1</u>**

**वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में रासायनिक कीटनाशकों की खपत**

**इकाई: एमटी टेक ग्रेड**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4050 | 2713 | 2015 | 1738 | 1689 |
| 2 | बिहार | 787 | 831 | 790 | 840 | 981 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 1589 | 1625 | 1660 | 1685 | 1398 |
| 4 | गोवा | 12 | 48 | 22 | 24 | 25 |
| 5 | गुजरात | 1730 | 1980 | 1713 | 1692 | 1558 |
| 6 | हरियाणा | 4070 | 4100 | 4050 | 4025 | 4015 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 379 | 450 | 341 | 467 | 407 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 1921 | 2251 | 2188 | 2430 | 2459 |
| 9 | झारखंड | 650 | 493 | 541 | 619 | 650 |
| 10 | कर्नाटक | 1793 | 1434 | 1288 | 1502 | 1458 |
| 11 | केरल | 910 | 1123 | 895 | 1067 | 1037 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 696 | 732 | 694 | 502 | 540 |
| 13 | महाराष्ट्र | 8663 | 11665 | 13496 | 15568 | 11746 |
| 14 | ओडिशा | 1278 | 994 | 1050 | 1633 | 1609 |
| 15 | पंजाब | 5689 | 5743 | 5843 | 5835 | 5543 |
| 16 | राजस्थान | 2694 | 2475 | 2269 | 2307 | 1280 |
| 17 | तमिलनाडु | 2096 | 2096 | 2092 | 1929 | 462 |
| 18 | तेलंगाना | 2806 | 993 | 3436 | 4866 | 4894 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 9736 | 10457 | 10614 | 10824 | 11116 |
| 20 | उत्तराखंड | 172 | 217 | 198 | 210 | 102 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 3060 | 3712 | 2624 | 2982 | 3190 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | 18 | 17 | 18 | *एन आर* | 14 |
| 23 | असम | 190 | 185 | 306 | 241 | 385 |
| 24 | मणिपुर | 31 | 30 | 33 | 27 | *एन आर* |
| 25 | मेघालय | 28 | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 26 | मिजोरम | 805 | *एन आर* | 9 | *एन आर* | 74 |
| 27 | नागालैंड | 20 | 20 | 20 | 20 | *एन आर* |
| 28 | सिक्किम | जैविक अवस्था | जैविक अवस्था | जैविक अवस्था | जैविक अवस्था | जैविक अवस्था |
| 29 | त्रिपुरा | 346 | 293 | 298 | 330 | 349 |
| 30 | अंडमान एवं निकोबार | 8 | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 31 | चंडीगढ़ | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 32 | दादर एवं नगर हवेली | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 33 | दमन और दीव | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 34 | दिल्ली | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 35 | लक्षद्वीप | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 36 | पांडिचेरी | 42 | 43 | 43 | 43 | 41 |

**स्रोत: खरीफ और रबी मौसम के लिए इनपुट्स (पौध संरक्षण) पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का सम्मेलन**

**एनआर = रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई**

**लो.स.ता.प्र.सं.215**

**अनुबंध-2**

**वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जैविक कीटनाशकों की खपत**

**यूनिट: एमटी टेक ग्रेड**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 53 | 25 | 9 | 5 | 38 |
| 2 | बिहार | 252 | 286 | 314 | 320 | 554 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 284 | 370 | 380 | 405 | 455 |
| 4 | गोवा | 12 | 14 | 3 | 5 | 6 |
| 5 | गुजरात | 279 | 273 | 305 | 354 | 306 |
| 6 | हरियाणा | 330 | 340 | 380 | 390 | 410 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 15 | 16 | 2 | 1 | 2 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 0.05 | 0.50 | 1 | 1 | 2 |
| 9 | झारखंड | 3 | 7 | 11 | 38 | 60 |
| 10 | कर्नाटक | 530 | 505 | 473 | 544 | 520 |
| 11 | केरल | 631 | 606 | 662 | 717 | 733 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 309 | 395 | 1063 | 326 | 767 |
| 13 | महाराष्ट्र | 486 | 1173 | 1454 | 1271 | 1164 |
| 14 | ओडिशा | 267 | 271 | 310 | 310 | 310 |
| 15 | पंजाब | 136 | 138 | 134 | 259 | 174 |
| 16 | राजस्थान | 157 | 9 | 9 | 10 | 10 |
| 17 | तमिलनाडु | 286 | 286 | 294 | 630 | 677 |
| 18 | तेलंगाना | 82 | 94 | 85 | 77 | 102 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 43 | 46 | 46 | 46 | 48 |
| 20 | उत्तराखंड | 22 | 30 | 31 | 50 | 28 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 680 | 950 | 838 | 951 | 997 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | 18 |
| 23 | असम | 130 | 150 | 188 | 217 | 217 |
| 24 | मणिपुर | 0.75 | 0.85 | 1 | 1 | *एन आर* |
| 25 | मेघालय | 16 | *एन आर* | 24 | 75 | *एन आर* |
| 26 | मिजोरम | *एन आर* | 23 | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 27 | नागालैंड | 12 | 12 | 12 | 14 | *एन आर* |
| 28 | सिक्किम | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 29 | त्रिपुरा | 122 | 95 | 146 | 142 | 138 |
| 30 | एक और एन द्वीप | 0.70 | 0.88 | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 31 | चंडीगढ़ | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 32 | दादरा और नगर हवेली | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 33 | दमन और दीव | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 34 | दिल्ली | *एन आर* | *एन आर* | 1 | *एन आर* | *एन आर* |
| 35 | लक्षद्वीप | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* | *एन आर* |
| 36 | पांडिचेरी | 16 | 33 | 14 | 14 | 10 |

**स्रोत: खरीफ और रबी मौसम के लिए इनपुट्स (पौध संरक्षण) पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का सम्मेलन**

**एनआर = रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई**

********